रविवासरीय
हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
भाजपा नेताओं ने किला थाने में किया हंगामा पेज 03 ■ बिटक्वाइन में निवेश पर सात
रविवार, 04 फरवरी 2018, बरेली, पांच प्रदेश, 20 संस्करण, नगर
www.livehindustan.com
Page No:06 TOP

अंडर-19 वर्ल्ड कप में मिली जीत पर स्टेडियम और एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी में खिलाड़ियों ने तिरंगा लहराकर खुशी मनाई

बरेली में भी क्रिकेट खेल चुके अंडर-19 स्टार शिवा

बरेली | वरिष्ठ संवाददाता

अंडर-19 क्रिकेट वर्ल्ड कप में जीत के बाद बरेली में भी जश्न मनाया गया। स्टेडियम और एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी में खिलाड़ियों ने तिरंगा लहराकर खुशी जाहिर की। बता दें कि अंडर-19 टीम के हीरो मुरादाबाद निवासी शिवा सिंह बरेली में भी तमाम मैच खेल चुके हैं।

अंडर-19 क्रिकेट वर्ल्ड कप में भारत की टीम शुरू से लय में दिख रही थी। पृथ्वी शा की कप्तानी और राहुल द्रविड़ की कोचिंग के कारण शुरू से माना जा रहा था कि टीम न्यूजीलैंड से विश्व विजेता बनकर लौटेगी। शनिवार को आखिर वो पल आ ही गया। भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को बुरी तरह से पीटकर वर्ल्ड कप अपने नाम कर लिया। टीम की जीत पर स्टेडियम में क्रिकेट कोच ओपी कोहली की अगुवाई में खिलाड़ियों ने जश्न मनाया। ओपी कोहली ने बताया कि शिवा बरेली में कई मैच खेल चुका है। अपनी लगन के दम पर उसने इंटरनेशनल तक का सफर तय किया है। पूरी उम्मीद है कि पीयूष चावला के बाद वो भी टीम इंडिया से खेलेगा। एसआरएमएस अकादमी में भी क्रिकेट कोच मनीष सिंह की अगुवाई में खिलाड़ियों ने जश्न मनाया।

अंडर-19 क्रिकेट वर्ल्ड कप में भारत की जीत के बाद शनिवार को स्टेडियम में खिलाड़ियों ने तिरंगा लेकर खुशी मनाई।

विकेटकीपर-बल्लेबाज आर्यन जुयाल का भी है बरेली कनेक्शन

अंडर-19 टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज आर्यन जुयाल हल्द्वानी के रहने वाले हैं। आर्यन का भी बरेली से कनेक्शन रहा है। उनके पिता डॉ. संजय जुयाल खुशलोक अस्पताल के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. विनोद पागरानी के साढ़ू हैं। डॉ. विनोद ने बताया कि डॉ. संजय ने लगभग डेढ़ वर्ष तक बरेली के केके अस्पताल में प्रैक्टिस की थी। वर्ष 2004 में वह हल्द्वानी चले गए थे। वहां उन्होंने बतौर लेप्रोस्कोपिक सर्जन खुद को स्थापित किया। डॉ. विनोद की पत्नी डॉ. मुक्ता ने बताया कि आर्यन का शुरू से ही क्रिकेट की तरफ रुझान रहा। परिवार ने भी उसको पूरा सपोर्ट किया। आज वह एक स्टार के रूप में अपनी पहचान बना रहा है।

अनंत और शुभम मिश्रा पर टिकी हैं बरेली की उम्मीदें

बरेली। अंडर-19 क्रिकेट वर्ल्ड कप में इस बार भले ही बरेली का कोई खिलाड़ी ना हो मगर आने वाले समय में बरेली के दो खिलाड़ी भारतीय क्रिकेट टीम में खेलते नजर आएंगे। ऐसा उनके कोच मनीष सिंह का मानना है। बरेली के अनंत भटनागर और शुभम मिश्रा पर पूरे प्रदेश की निगाहें हैं। इन दोनों खिलाड़ियों का प्रदर्शन अभी तक बेहद शानदार रहा है।

यूपी के कप्तान हैं अनंत

सिविल लाइंस में रहने वाले अनंत भटनागर मध्यमवर्गीय परिवार से नाता रखते हैं। पिता अनिल भटनागर ने अपना जीवन अनंत के लिए समर्पित कर दिया है। अनंत भी अपने परिश्रम से अंडर-14 यूपी टीम के दो बार कप्तान रह चुके हैं। दोनों ही बार टीम ने उनकी अगुवाई में जीत हासिल की है। स्पिनर अनंत लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। सभी को यह उम्मीद है कि वह आने वाले वक्त में भारतीय क्रिकेट टीम का प्रतिनिधित्व जरूर करेंगे।

शुभम की स्पिन भी कमाल

कर्मचारी नगर निवासी शुभम मिश्रा भी अनंत की तरह एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी में प्रैक्टिस करते हैं। शुभम भी यूपी अंडर-14 क्रिकेट टीम का हिस्सा रहे। एक मैच में शुभम को खेलने का भी मौका मिला, जिसमें उन्होंने शानदार बॉलिंग करते हुए दो विकेट चटकाए। शुभम के पिता सौरभ मिश्रा मेडिकल प्रोफेशन से जुड़े हुए हैं। कोच मनीष सिंह का मानना है कि अनंत और शुभम में भारतीय टीम में खेलने की सभी योग्यताएं हैं।